'आदिवासियों को मिल रही प्राथमिकता का प्रमाण हैं हमारी योजनाएं'

जागरण संवाददाता, हजारीबाग : पीएम मोदी ने बुधवार को झारखंड के हजारीबाग से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत आदिवासियों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास के लिए देश के 792 जिलों में से 549 में 79,150 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे देश के 65 हजार गांवों के पांच करोड़ से ज्यादा आदिवासी लाभान्वित होंगे।

समारोह को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आदिवासी समाज के कल्याण से जुड़ा है। यह योजना हमारी सरकार में आदिवासियों को मिल रही प्राथमिकता का प्रमाण है। मुझे खुशी है कि धरती आबा भगवान बिरसा की धरती से ही योजना शुरू हो रही है। आज गांधी जयंती है। गांधी जी का मानना था कि देश का तभी तेजी से विकास हो सकता है जब आदिवासी समाज का विकास हो।

हजारीबाग में बुधवार को भाजपा की परिवर्तन महारैली के दौरान लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी • एएनआइ

हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय कैंपस में प्रधानमंत्री ने कुल कुल 83 हजार 700 करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ, लोकार्पण व शिलान्यास किया। पीएम ने कहा कि मुझे विश्वास है कि मेरे आदिवासी युवा आगे बढ़ेंगे और उनके सामर्थ्य का लाभ देश को मिलेगा। जोहार के साथ ही उन्होंने भाषण का समापन किया। पीएम मोदी ने हजारीबाग के ही गांधी मैदान में भाजपा की परिवर्तन महारैली को संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार, जमीन की लूट, कोयले की लूट, ट्रांसफर उद्योग, घुसपैठिए और आदिवासियों के मुद्दे को लेकर सोरेन सरकार पर निशाना साधा।